

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2024

Your Path to Success

# SECTION - A / खंड - अ

**प्रश्न 1 - पुनर्जागरण काल में यूरोप ने निम्न में से किस क्षेत्र में गहन परिवर्तन देखे?**

**(A) सांस्कृतिक क्षेत्र** **(B) आर्थिक क्षेत्र**

**(C) राजनीतिक क्षेत्र** **(D) धार्मिक क्षेत्र**

**उत्तर -** (A) सांस्कृतिक क्षेत्र

**OR / अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सा काल यूरोप के पुनर्जागरण से संबंधित है?**

**(A) अन्धकार युग** **(B) वैज्ञानिक जाँच का युग**

**(C) अज्ञानता का काल** **(D) अतार्किकता का समय**

**उत्तर -** (B) वैज्ञानिक जाँच का युग

**प्रश्न 2 - ब्रिटिश इतिहास में निम्नलिखित में से किस काल को औद्योगिक क्रांति के रूप में जाना जाता है?**

**(A) 1450 – 1550** **(B) 1550 -1650** **(C) 1650 – 1750** **(D) 1750 - 1850**

**उत्तर -** (D) 1750 - 1850

**OR / अथवा**

**इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति के दौरान निम्नलिखित में से किस प्रणाली का विकास हुआ?**

**(A) कारखाना प्रणाली** **(B) वस्तु विनिमय प्रणाली**

**(C) सामंती व्यवस्था** **(D) मनसबदारी व्यवस्था**

**उत्तर -** (A) कारखाना प्रणाली

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से 'दास कैपिटल' किताब का लेखक कौन है?**

**(A) ऑटो वन बिस्मार्क** **(B) केसर विलियम प्रथम**

**(C) कार्ल मार्क्स** **(D) काउंट केवर**

**उत्तर -** (C) कार्ल मार्क्स

**प्रश्न 4 - निम्नलिखित में से कौन-सा 1920 में स्थापित पहला अंतर्राष्ट्रीय संगठन था?**

**(A) रेड क्रास सोसाईटी** **(B) अमनेस्टी इंटरनेशनल**

**(C) संयुक्त राष्ट्र संघ** **(D) लीग ऑफ नेशंस**

**उत्तर -** (D) लीग ऑफ नेशंस

**प्रश्न 5 - आंग्ल-मैसूर युद्ध में निम्नलिखित में से किसने मैसूर का नेतृत्व किया?**

**(A) पेशवा बाजी राव** **(B) टीपू सुल्तान**

**(C) मोहम्मद बिन तुगलक** **(D) नवाब वाजिद अली शाह**

**उत्तर -** (B) टीपू सुल्तान

**OR / अथवा**

**1793 में निम्नलिखित में से किस अंग्रेज अफसर ने बंगाल और बिहार में स्थायी बंदोबस्त लागू किया?**

**(A) वेल्सली** **(B) लॉर्ड कॉर्नवालिस** **(C) डलहौज़ी** **(D) माउंटबैटन**

**उत्तर -** (B) लॉर्ड कॉर्नवालिस

**प्रश्न 6 - 1920 में भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा आन्दोलन शुरू हुआ?**

**(A) सविनय अवज्ञा आंदोलन** **(B) भारत छोड़ो आंदोलन**

**(C) असहयोग आंदोलन** **(D) नागरिक अधिकार आंदोलन**

**उत्तर -** (C) असहयोग आंदोलन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 7 - जेट स्ट्रीम या ऊपरी वायु धारायें सामान्यतः निम्न में से किस ऊँचाई पर बहती हैं?**

**(A) समुद्र तल से 6,000 मीटर ऊपर**

**(B) समुद्र तल से 8,000 मीटर ऊपर**

**(C) समुद्र तल से 10,000 मीटर ऊपर**

**(D) समुद्र तल से 12,000 मीटर ऊपर**

**उत्तर -** (D) समुद्र तल से 12,000 मीटर ऊपर

**प्रश्न 8 - दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर चिह्नित 'A' पर्वत शिखर की पहचान कीजिए।**

**(A) कंचनजंगा**

**(B) माउंट ऐवरेस्ट**

**(C) नन्दा देवी**

**(D) नांगा पर्वत**





**उत्तर -** (A) कंचनजंगा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 9 - दिए गए रेखा मानचित्र में पूर्वी घाट के पूरब की ओर बहने वाली दो नदियों का नाम पहचानिए।**

**(A) महानदी और कृष्णा** **(B) ब्रह्मपुत्र और हुग्ली**

**(C) सोन और कोसी** **(D) नर्मदा और ताप्ती**




**उत्तर -** (A) महानदी और कृष्णा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 10 - भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में प्रायद्वीपीय पठार की 'A' से चिह्नित पहाड़ी की पहचान कीजिए।**

**(A) अन्नामालाई की पहाड़ियाँ** **(B) महेन्द्रगिरी की पहाड़ियाँ**

**(C) कोल्लीमालाई की पहाड़ियाँ** **(D) सतमाला की पहाड़ियाँ**





**उत्तर -** (A) अन्नामालाई की पहाड़ियाँ

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 11 - भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में अंकित 'M' पर्वत श्रृंखला की पहचान कीजिए।**

**(A) शिवालिक श्रृंखला** **(B) अरावली श्रृंखला**

**(C) गिर शृंखला** **(D) सतपुरा शृंखला**




**उत्तर -** (C) गिर श्रृंखला

**प्रश्न 12 - एक अधिकार का एक व्यक्ति के लिये क्या अर्थ होता है? निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द का चयन कीजिये।**

**(A) दावा** **(B) सत्ता** **(C) संपत्ति** **(D) स्वतंत्रता**

**उत्तर -** (A) दावा

**OR/ अथवा**

**किसी व्यक्ति के लिये कर्तव्य का क्या अर्थ होता है? निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द का चयन कीजिये।**

**(A) अधिकार पाया हुआ** **(B) जो आवश्यक हो** **(C) पाया हुआ** **(D) चाहा हुआ**

**उत्तर -** (B) जो आवश्यक हो

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 13 - मूलभूत अधिकार है :**

**(A) समर्थनीय** **(B) न्याय के योग्य** **(C) उत्तरदाई** **(D) दोषसक्षम**

**उत्तर -** (B) न्याय के योग्य

**OR/ अथवा**

**'शिक्षा का अधिकार' 86 वें संवैधानिक संशोधन के द्वारा मूलाधिकारों के अध्याय में एक नया अनुच्छेद 21A के रूप में निम्नलिखित में से किस वर्ष में जोड़ा गया था?**

**(A) 2000** **(B) 2001** **(C) 2002** **(D) 2003**

**उत्तर -** (C) 2002

**प्रश्न 14 - एक भारतीय राज्य के राज्यपाल द्वारा एडवोकेट जनरल की नियुक्ति उसकी किन शक्तियों के अंतर्गत की जाती है?**

**(A) कार्यकारी शक्तियाँ** **(B) विधाई शक्तियाँ**

**(C) वित्तीय शक्तियाँ** **(D) विवेकाधीन शक्तियाँ**

**उत्तर -** (A) कार्यकारी शक्तियाँ

**OR/ अथवा**

**एक भारतीय राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य के वित्तीय आयोग के सदस्यों की नियुक्ति उसकी किन शक्तियों के अंतर्गत की जाती है?**

**(A) विधाई शक्तियाँ** **(B) वित्तीय शक्तियाँ**

**(C) विवेकाधीन शक्तियाँ** **(D) कार्यकारी शक्तियाँ**

**उत्तर -** (D) कार्यकारी शक्तियाँ

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 15 - लोकसभा की बैठकों की अध्यक्षता कौन करता है?**

**(A) भारत के राष्ट्रपति** **(B) स्पीकर**

**(C) उपसभापति** **(D) भारत के उपराष्ट्रपति**

**उत्तर -** (B) स्पीकर

**प्रश्न 16 - "लोकतन्त्र जनता की, जनता के लिये, जनता की सरकार है।" किसने कहा था?**

**(A) अब्राहम लिंकन** **(B) महात्मा गांधी**

**(C) लियो टालस्टोय** **(D) सुभाष चंद्र बोस**

**उत्तर -** (A) अब्राहम लिंकन

**प्रश्न 17 - निम्नलिखित में से लोकतन्त्र के लिये क्या आवश्यक नहीं है?**

**(A) जनभागीदारी** **(B) अनिवार्य सैनिक सेवा**

**(C) जनता की संतुष्टि** **(D) राजनीतिक तथा सामाजिक समानता**

**उत्तर -** (B) अनिवार्य सैनिक सेवा

**प्रश्न 18 - निम्न पर विचार करें :**

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | **Gross Domestic Product**<br>**सकल घरेलू उत्पाद** | **(ii) Life Expectancy**<br>**जीवन प्रत्याशा** |
| **(iii)** | **Literacy**<br>**साक्षरता** | **(iv) Levels of Employment**<br>**रोजगार के स्तर** |

**ऊपर लिखे हुये संकेतक किस निम्नलिखित विकास के प्रकार के मापन में प्रयुक्त होते हैं?**

**(A) मानव विकास** **(B) सामाजिक तथा आर्थिक विकास**

**(C) सामाजिक विकास** **(D) आर्थिक विकास**

**उत्तर -** (A) मानव विकास

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 19 - निम्नलिखित में से कौन-सा देश प्रथम और द्वितिय विश्वयुद्ध में मुख्य प्रतिभागी था?**

**(A) आस्ट्रिया** **(B) तुर्की** **(C) जर्मनी** **(D) डेनमार्क**

**उत्तर -** (C) जर्मनी

**प्रश्न 20 - निम्न पर विचार करें :**

| | |
|---|---|
| **(i) Freedom from military dangers**<br>**सैन्य खतरों से स्वतंत्रता** | **(ii) Freedom from hunger**<br>**भूख से स्वतंत्रता** |
| **(iii) Freedom from armed conflicts**<br>**सशस्त्र झगड़ों से स्वतंत्रता** | **(iv) Freedom from environmental degradation**<br>**पर्यावरणीय क्षय से स्वतंत्रता** |

**ऊपर लिखी हुयी से स्वतंत्रताओं में कौन-सी 'सुरक्षा' की नयी समझ है?**

**(A) (i) और (ii)** **(B) (i) और (iii)** **(C) (i) और (iv)** **(D) (ii) और (iv)**

**उत्तर -** (D) (ii) और (iv)

**प्रश्न 21 - खाली स्थान भरो :**

**__________ की धारणा को कला और साहित्य के क्षेत्र में भी अभिव्यक्ति मिली। पुनर्जागरण कलाकारों की सबसे बड़ी उपलब्धियाँ _________ के क्षेत्र में थी।**

**उत्तर -** मानवतावाद , चित्रकला।

**OR/ अथवा**

**_________ की भावना यूरोप में राष्ट्रवाद की भावना के उदय को भी परिलक्षित करती है। लोगों ने अब स्वयं को मध्यकालीन ____________ प्रतिबन्धों तथा बंधनों से मुक्त करना प्रारंभ कर दिया था।**

**उत्तर -** पुनर्जागरण , धार्मिक।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 22 - किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

1. **पुनर्जागरण के दौरान यूरोपीय लोगों ने नयी भूमियों की खोज क्यों की?**
2. **औद्योगिक क्रांति के दौरान यूरोपीय लोग पूर्व के साथ व्यापार क्यों करना चाहते थे?**
3. **औद्योगिक क्रांति के दौरान यूरोपीय लोग पूर्व के लिये सीधे व्यापारिक रास्ते क्यों खोज रहे थे?**

**उत्तर** - निम्नलिखित के उत्तर इस प्रकार हैं :

**1.** क्योंकि यूरोपीय लोग नए संसाधनों, व्यापारिक मार्गों और सांस्कृतिक ज्ञान की तलाश में थे।

**2.** क्योंकि औद्योगिक क्रांति के दौरान पूर्व में मसाले, रेशम, और अन्य मूल्यवान वस्तुएं उपलब्ध थीं।

**3.** क्योंकि यूरोपीय लोग अरब बिचौलियों को हटाकर पूर्व के मसालों और रेशम तक सीधी पहुँच चाहते थे।

**प्रश्न 23 - किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

**1. ब्रिटेन की क्रान्ति को गौरवपूर्ण क्रान्ति क्यों कहा जाता है?**

**2. इंग्लैंड के राजा जेम्स द्वितीय को अपना सिंहासन क्यों छोड़ना पड़ा था?**

**3. राजा जेम्स द्वितीय ने अपने देशवासियों का समर्थन क्यों खो दिया था?**

**उत्तर** - निम्नलिखित के उत्तर इस प्रकार हैं :

**1.** ब्रिटेन की क्रांति को गौरवपूर्ण क्रांति इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह बिना रक्तपात की सफल क्रान्ति थी।

**2** क्योंकि राजा जेम्स द्वितीय की निरंकुश नीतियों और कैथोलिक समर्थन से जनता का विश्वास उठ गया था।

**3.** क्योंकि उन्होंने कैथोलिक धर्म को बढ़ावा दिया, संसद भंग की और टेस्ट एक्ट जैसे कानूनों का उल्लंघन किया।

**प्रश्न 24 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

**(a) राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध क्यों किया था ?**

**(b) स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना क्यों की थी ?**

**उत्तर** - निम्नलिखित के उत्तर इस प्रकार हैं :

**(a)** राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध इसलिए किया क्योंकि यह एक अमानवीय प्रथा थी जो महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती थी।

**(b)** स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना सामाजिक कुरीतियों के विरोध और वेदों की शिक्षा फैलाने के उद्देश्य से की।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 25 - खाली स्थान भरो :**

**सुभाष चन्द्र बोस द्वारा विदेश से __________ के लिये संघर्ष को चलाया गया। उन्होंने ________ की शुरुआत को भारत की स्वतंत्रता के लिये अंग्रेजों पर चोट करने का एक सुविधाजनक अवसर पाया।**

**उत्तर -** स्वतंत्रता , द्वितीय विश्व युद्ध।

**OR/ अथवा**

**नेताजी ने प्रसिद्ध युद्धघोष _________ दिया। उन्होंने भारतीयों से स्वतंत्रता का वादा यह कहते हुये किया कि "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा।" मार्च 1944 में कोहिमा में ___________ फहराया गया।**

**उत्तर -** "दिल्ली चलो" , भारतीय राष्ट्रीय ध्वज।

**प्रश्न 26 - भारत के समुद्र पार के देशों से अच्छे व्यापारिक संबंध क्यों रहे हैं?**

**उत्तर -** भारत के समुद्र पार देशों से अच्छे व्यापारिक संबंध इसलिए रहे हैं क्योंकि भारत की लंबी समुद्री तटरेखा (लगभग 7500 किमी), सुरक्षित बंदरगाह और प्राचीन काल से समुद्री व्यापार की परंपरा रही है।

**OR / अथवा**

**पहाड़ी दर्रे क्यों महत्वपूर्ण हैं ?**

**उत्तर -** पहाड़ी दर्रे महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि ये पर्वतीय बाधाओं को पार करने में सहायता करते हैं तथा एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक यातायात, व्यापार सांस्कृतिक संपर्क और सैन्य गतिविधियों को सुगम बनाते हैं।

**प्रश्न 27 - मेघालय में प्रतिवर्ष 200 सेमी से अधिक वर्षा क्यों होती है?**

**उत्तर -** मेघालय में प्रतिवर्ष 200 सेमी से अधिक वर्षा इसलिए होती है क्योंकि यह दक्षिण-पश्चिम मानसून की बंगाल की खाड़ी शाखा के मार्ग में है, खासी और गारो पहाड़ियाँ नमी से भरी हवाओं को रोककर पर्वतीय वर्षा कराती हैं।

**OR / अथवा**

**राजस्थान में प्रतिवर्ष 60 सेमी से कम वर्षा क्यों होती है?**

**उत्तर -** राजस्थान में प्रतिवर्ष 60 सेमी से कम वर्षा इसलिए होती है क्योंकि अरावली पर्वतमाला मानसून पवनों के समानांतर है, जिससे पर्वतीय वर्षा नहीं होती और क्षेत्र वर्षा-छाया व शुष्क हवाओं के प्रभाव में रहता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 28 - खाली स्थान भरो :**

**देश के __________ क्षेत्रों में सीमा सड़क का निर्माण और आपातकाल के समय __________ की जरूरत तथा अन्य सामान का परिवहन आसान करने के लिये होता है। इसके अलावा वहाँ रहने वाले लोगों को भी लाभ पहुँचता है।**

**उत्तर -** सीमावर्ती , रक्षाकर्मियों।

**प्रश्न 29 - रेलवे के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर -** रेलवे के दो लाभ:

1. रेलवे भारी सामान को लंबी दूरी तक कम लागत में ले जाने के लिए सबसे किफायती साधन है।
2. रेलवे देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को आपस में जोड़कर राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देता है।

**प्रश्न 30 - खाली स्थान भरो :**

**मंत्रि __________ की नियुक्ति तथा मंत्रि परिषद के सदस्यों के बीच ______________ के आबंटन के लिये राज्यपाल को सलाह देता है।**

**उत्तर -** परिषद , मंत्रालयों।

**प्रश्न 31 - खाली स्थान भरो :**

**राष्ट्रपति का चुनाव एक __________ द्वारा किया जाता है जिसमें __________ के दोनों सदनों के निर्वाचित सांसद तथा सभी राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य होते हैं।**

**उत्तर -** निर्वाचक मंडल , संसद।

**प्रश्न 32 - भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं दो शक्तियों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** राष्ट्रपति की शक्तियाँ:

1. **कार्यकारी शक्ति :** वह प्रधान मंत्री, मंत्रिपरिषद और राज्यपालों की नियुक्ति करते हैं।
2. **आपातकालीन शक्ति :** वह राष्ट्रीय, राज्य या वित्तीय आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 33 - खाली स्थान भरो :**

**____________ आपातकाल की घोषणा केवल तब करता है जब उसे केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल का निर्णय ____________ में भेजा जाता है।**

**उत्तर -** राष्ट्रपति , लिखित।

**प्रश्न 34 - एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिये :**

**नीचे दी गयी परिभाषा के अनुसार समूह का नाम लिखिये।**

**(1) लोगों का एक संगठित समूह जो अपने विशिष्ट हितों की पूर्ति करना चाहता हो।**

**(2) लोगों का एक समूह जो किसी विशिष्ट परिणाम की प्राप्ति हेतु दृढ़ता से दबाव बनाये।**

**उत्तर -** निम्नलिखित के उत्तर इस प्रकार हैं :

**(1)** हित समूह

**(2)** दबाव समूह

**प्रश्न 35 - खाली स्थान भरो :**

**शान्ति और ____________ अविभाज्य हैं। साथ-साथ देखने से यह पता चलता है कि यह वह स्थिति है जहाँ व्यक्ति, संस्थायें, क्षेत्र, राष्ट्र और __________ बिना खतरे के एक साथ आगे बढ़ते हैं।**

**उत्तर -** सुरक्षा , विश्व।

# SECTION - B / खंड - ब

**प्रश्न 36 - आधुनिक युग का प्रारम्भ दर्शाने वाली दो घटनायें लिखिये।**

**उत्तर -** आधुनिक युग का प्रारम्भ दर्शाने वाली दो घटनाएं :

**1. औद्योगिक क्रांति**, जिसने उत्पादन के तरीकों और आर्थिक व्यवस्था में परिवर्तन किया।

**2. फ्रांसीसी क्रांति**, जिसने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के विचार दिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 37 - भारत में परिवहन के सुधार के लिये अंग्रेजों ने निवेश क्यों किया था? दो कारण बताइये।**

**उत्तर** - अंग्रेजों ने भारत में परिवहन (रेलवे और सड़कों) में निवेश मुख्य रूप से दो कारणों से किया :

**1.** भारत के आंतरिक हिस्सों से कच्चा माल बंदरगाहों तक निर्यात के लिए ले जाने हेतु।

**2.** भारत जैसे विशाल देश पर नियंत्रण रखने के लिए सेना को जल्दी एक जगह से दूसरी जगह भेजने हेतु।

**OR / अथवा**

**भारत में अंग्रेजों ने एक अंग्रेजी पढ़े लिखे शिक्षित समाज का सृजन क्यों किया था? दो कारण बताइये।**

**उत्तर** - अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी शिक्षित समाज का सृजन किया क्योंकि :

**1.** औपनिवेशिक प्रशासन के संचालन हेतु सस्ते क्लर्क और अधिकारी तैयार करने के लिए।

**2.** भारतीयों में ब्रिटिश शासन, संस्कृति और नीतियों के प्रति वफादारी विकसित करने के लिए।

**प्रश्न 38 - भारतीय संविधान में मानव अधिकारों के महत्व का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर** - भारतीय संविधान में मानव अधिकारों को मौलिक अधिकारों के रूप में स्थान दिया गया है। ये अधिकार व्यक्ति की गरिमा की रक्षा करते हैं, समानता और न्याय सुनिश्चित करते हैं तथा राज्य के मनमानेपन से रक्षा करते हैं। ये अधिकार न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं और लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला माने जाते हैं।

**OR / अथवा**

**किन्हीं दो मौलिक कर्तव्यों का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर** - दो मौलिक कर्तव्य :

**1.** संविधान, उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना।

**2.** प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना तथा वन्यजीवों के प्रति करुणा रखना।

**प्रश्न 39 - एक भारतीय राज्य के राज्यपाल की किन्हीं दो योग्यताओं की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर** - राज्यपाल की योग्यताएं :

**1.** वह भारत का नागरिक होना चाहिए।

**2.** उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR / अथवा**

**राज्य के मुख्य मंत्री की किन्हीं दो शक्तियों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** राज्य के मुख्यमंत्री की दो शक्तियाँ:

**1.** मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद का गठन करता है तथा मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का वितरण करता है।

**2.** मुख्यमंत्री राज्य की नीतियों का निर्धारण करता है और शासन का नेतृत्व करता है।

**प्रश्न 40 - भारत के सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** भारत के सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश (CJI) सहित अधिकतम 34 न्यायाधीश हो सकते हैं, जिसमें मुख्य न्यायाधीश 1 और अन्य न्यायाधीश 33 हैं। मुकदमों की बढ़ती संख्या को देखते हुए संसद न्यायाधीशों की संख्या तय करती है।

**प्रश्न 41 - राजनीतिक दल किस प्रकार लोकतान्त्रिक प्रक्रियाओं को चलाने में सहायता करते हैं?**

**उत्तर -** राजनीतिक दल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को चलाने में सहायता करते हैं क्योंकि वे चुनाव लड़कर सरकार बनाते हैं, विपक्ष के रूप में सत्ता की जांच करते हैं, जनता के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं, नीतियां बनाते हैं और मतदाताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों पर शिक्षित करते हैं।

**प्रश्न 42 - 14वीं शताब्दी में पुनर्जागरण की पूर्वसन्ध्या पर इटली की दशा का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर -** 14वीं शताब्दी में पुनर्जागरण की पूर्वसंध्या पर इटली एक संयुक्त देश नहीं था, बल्कि छोटे-छोटे स्वतंत्र शहर-राज्यों जैसे फ्लोरेंस, वेनिस और मिलान में विभाजित था। यहाँ राजनीतिक अस्थिरता, सामंती व्यवस्था और चर्च का प्रभुत्व था। हालांकि, व्यापार की समृद्धि और धनी व्यापारियों द्वारा कला एवं शिक्षा का संरक्षण, साथ ही बीजान्टिन और प्राचीन रोमन संस्कृति से संपर्क ने पुनर्जागरण की नींव रखी।

**प्रश्न 43 - प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व जर्मनी का इंग्लैंड के प्रबल प्रतिद्वन्दी के रूप में उदय का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर -** प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व जर्मनी इंग्लैंड का प्रबल प्रतिद्वंद्वी बन गया क्योंकि 1871 में बिस्मार्क के नेतृत्व में एकीकरण के बाद जर्मनी तेजी से औद्योगिक शक्ति बना। उसने इस्पात और रसायन उद्योग में तेजी से प्रगति की, शक्तिशाली नौसेना बनाई और कैसर विल्हेल्म II के तहत नौसेना विस्तार किया। साथ ही उपनिवेशों की महत्वाकांक्षा ने ब्रिटिश आर्थिक और समुद्री सर्वोच्चता को चुनौती दी, जिससे दोनों देशों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा उत्पन्न हुई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 44 - 1857 के विद्रोह से पूर्व भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध प्रारंभिक प्रतिरोध आन्दोलनों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** 1857 के विद्रोह से पहले भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध प्रारंभिक प्रतिरोध आंदोलनों के मुख्य कारण थे :

1. **आर्थिक शोषण:** भारी भू-राजस्व और स्थानीय कारीगरों के उद्योगों का विनाश।
2. **आदिवासी हस्तक्षेप:** अंग्रेजों द्वारा वन अधिकारों और आदिवासी रीति-रिवाजों में दखल।
3. **राजनीतिक असंतोष:** विलय नीतियों के कारण स्थानीय शासक और अभिजात वर्ग असुरक्षित हुए।

**OR/ अथवा**

**मद्रास के पोलीगारों के विद्रोह के कारणों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** मद्रास के पोलिगारों के विद्रोह के कारण :

1. ब्रिटिश सरकार द्वारा कर लगाने और निरस्त्रीकरण की मांग से उनकी स्वायत्तता को खतरा हुआ।
2. उच्च राजस्व आकलन के कारण पोलिगारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।
3. ब्रिटिश नियंत्रण के तहत भूमि और किलों पर पारंपरिक अधिकार छीन लिए गए। (1799–1801)।

**प्रश्न 45 - भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वन्दे मातरम् के महत्व का परीक्षण कीजिये।**

**उत्तर -** बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित "वन्दे मातरम्" भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक शक्तिशाली प्रतीक, प्रेरणास्रोत और राष्ट्रीय पहचान का केंद्र बना, इसने भारत को एक 'माँ' (भारत माता) के रूप में प्रतिष्ठित किया, जिसने लोगों में देशभक्ति जगाई। 1905 के स्वदेशी आंदोलन के दौरान, यह बंगाल विभाजन के खिलाफ और ब्रिटिश शासन के विरोध में एक शक्तिशाली नारा बनकर स्वतंत्रता आंदोलन को प्रोत्साहित करने वाला माध्यम बन गया।

**OR/ अथवा**

**औपनिवेशिक भारत के दौरान क्षेत्रिय संगठन राष्ट्रीय संगठनों में किस प्रकार परिवर्तित हुए?**

**उत्तर -** औपनिवेशिक भारत में क्षेत्रीय संगठन पहले स्थानीय मुद्दों पर काम करते थे। धीरे-धीरे नेताओं ने महसूस किया कि समस्याएँ राष्ट्रीय स्तर पर समान हैं। इसी कारण स्थानीय संगठन आपस में जुड़े और साझा उद्देश्य अपनाए। इसके परिणामस्वरूप वे राष्ट्रीय संगठनों में परिवर्तित हुए, उदाहरण के लिए, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिसने पूरे देश के हितों और स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतिनिधित्व किया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 46 - ग्रामीण सड़कों के किन्हीं तीन पहलुओं का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर** - ग्रामीण सड़कों के तीन पहलुओं का विश्लेषण :

1. **संपर्क और पहुँच:** ग्रामीण सड़कें गाँवों को शहरों और बाजारों से जोड़ने का कार्य करती हैं। इनके माध्यम से ग्रामीण लोगों को अस्पताल, विद्यालय, कॉलेज और प्रशासनिक सेवाओं तक आसानी से पहुँच मिलती है।
2. **आर्थिक विकास:** ग्रामीण सड़कों के विकास से किसानों को अपनी फसल, दुग्ध उत्पाद और कच्चा माल बाजार तक पहुँचाने में सुविधा होती है। परिवहन आसान होने से लागत घटती है और आय बढ़ती है।
3. **सामाजिक लाभ:** ग्रामीण सड़कों से स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा संस्थानों और सरकारी योजनाओं तक लोगों की पहुँच बढ़ती है, जिससे ग्रामीण जनता के जीवनस्तर में सुधार होता है।

**प्रश्न 47 - भारतीय सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - नारी सशक्तिकरण के लिए उठाए गए तीन प्रमुख कदम :

1. **कानूनी अधिकार:** समान पारिश्रमिक अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम जैसे कानून बनाकर महिलाओं को कानूनी सुरक्षा और समान अधिकार दिए गए।
2. **राजनीतिक आरक्षण:** पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान किया गया, जिससे उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ी।
3. **सामाजिक योजनाएं:** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और स्वयं सहायता समूहों (SHG) प्रोत्साहन देकर महिलाओं को शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया।

**OR/ अथवा**

**सतत विकास की आवश्यकता की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - सतत विकास की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि यह आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करता है। इसके अंतर्गत जल, वन, भूमि और ऊर्जा जैसे प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाता है ताकि वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भावी पीढ़ियों की जरूरतें भी सुरक्षित रहें। यह प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकटों से निपटने में सहायक होता है। इसके साथ ही यह गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समानता और रोजगार के अवसर बढ़ाकर दीर्घकालिक मानव कल्याण सुनिश्चित करता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


**प्रश्न 48 - भारत के दिये हुये मानचित्र में (A), (B), (C) और (D) चार परिवहन सुविधाओं से संबंधित चार स्थान दिये गये हैं। इनको निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पहचानिये तथा इनके सही नाम लिखिये:**

**(A) भारत का एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा**

**(B) एक बंदरगाह**

**(C) स्वर्णिम चतुर्भुज का एक नगर**

**(D) उत्तर दक्षिण गलियारे पर एक नगर**




**उत्तर -**

**(A)** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोलकाता, पश्चिम बंगाल)

**(B)** तूतीकोरिन (वी.ओ. चिदंबरनार) बंदरगाह (थूथुकुडी, तमिलनाडु)

**(C)** चेन्नई (तमिलनाडु)

**(D)** श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 49 - भारत के दिये गये मानचित्र पर निम्न को पहचानिये तथा नाम लिखिये :**


**(A)** **कावेरी नदी**

**(B)** **कार्डामम पर्वत श्रेणी**

**(C)** **गुजरात का प्रतिवर्ष 60 सेमी से कम वर्षा वाला क्षेत्र**

**(D)** **छोटा नागपुर पठार**

**उत्तर -** निम्नलिखित को मानचित्र पर इस प्रकार दर्शाया गया है :




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50 - सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** भारत का सर्वोच्च न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत स्थापित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य न्यायपालिका को मजबूत बनाना और संविधान की रक्षा करना है।

**सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियाँ :**

**1. समीक्षात्मक शक्ति :** सर्वोच्च न्यायालय को यह अधिकार है कि वह उच्च न्यायालयों द्वारा दिये गए फैसलों की समीक्षा कर सके। इसका मतलब है कि यदि किसी मामले में कोई पक्ष उच्च न्यायालय के निर्णय से असंतुष्ट है, तो वह सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।

**2. संवैधानिक व्याख्यात्मक शक्ति :** सर्वोच्च न्यायालय का अधिकार है कि वह संविधान के किसी भी प्रावधान की व्याख्या कर सके। जब संविधान के शब्दों या प्रावधानों पर विवाद होता है, तो न्यायालय इसका अर्थ स्पष्ट करता है।

**3. मौलिक अधिकार संरक्षण :** यदि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है, तो वह सीधे सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सकता है। यह शक्ति नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है।

**4. न्यायिक समीक्षा शक्ति :** सर्वोच्च न्यायालय अपने ही निर्णय की समीक्षा करने का अधिकार रखता है। यदि किसी निर्णय में स्पष्ट त्रुटि हो, तो न्यायालय इसे बदल सकता है या सुधार सकता है।

**5. सलाहकारी क्षेत्राधिकार :** राष्ट्रपति की मांग पर सर्वोच्च न्यायालय संवैधानिक मामलों में परामर्शात्मक राय दे सकता है। यह शक्ति संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत आती है।

**OR/ अथवा**

**भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर -** भारत का प्रधानमंत्री भारत सरकार का मुख्य कार्यकारी प्रमुख और मंत्रिपरिषद का नेता होता है, जिसकी नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 75 के अंतर्गत होती है।

**प्रधानमंत्री की प्रमुख शक्तियाँ :**

**1. कार्यपालिका का नेतृत्व :** प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है और सरकार की नीतियों का संचालन करता है। वह मंत्रियों के चयन, मंत्रालयों के कार्यों का समन्वय और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अंतिम जिम्मेदार होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. संसदीय नेतृत्व :** प्रधानमंत्री लोकसभा में अपने दल का नेता होता है और सरकार के कार्यक्रम एवं विधेयकों को संसद में प्रस्तुत कराता है। वह संसद के सत्रों में नीति और कार्यक्रमों की व्याख्या करता है और विधायी कार्यों में सरकार का नेतृत्व करता है।

**3. राष्ट्रपति के सलाहकार के रूप में शक्ति :** प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को मंत्रिपरिषद की कार्यवाहियों, संविधानिक मसलों और राष्ट्रीय महत्व के निर्णयों में सलाह देता है। राष्ट्रपति के अधिकांश कार्य प्रधानमंत्री की सलाह पर निर्भर करते हैं।

**4. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व :** प्रधानमंत्री देश का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करता है, विदेशी सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ वार्ता करता है, और विदेश नीति के कार्यान्वयन में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

**5. आपातकालीन और विशेष शक्तियाँ :** संकट या आपातकाल की स्थिति में प्रधानमंत्री सरकार की आपात रणनीति तैयार करता है और आवश्यक निर्णय लेने का नेतृत्व करता है।

**प्रश्न 51 - संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** संयुक्त राष्ट्र संघ (United Nations Organization - UNO) की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुई। इसका मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है।

**संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रमुख भूमिकाएँ :**

**1. अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की स्थापना :** संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे प्रमुख कार्य विश्व में शांति बनाए रखना है। यह देशों के बीच होने वाले विवादों को बातचीत, मध्यस्थता और शांति मिशनों के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करता है।

**2. मानव अधिकारों की रक्षा :** UNO कन्वेंशन और घोषणाओं के ज़रिए मानवाधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देता है, जिससे सभी व्यक्तियों के लिए समानता, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित होती है।

**3.आर्थिक एवं सामाजिक विकास में सहयोग :** UNO गरीबी, भूख, अशिक्षा और बेरोज़गारी को कम करने के लिए कार्यक्रम चलाकर विकासशील देशों को आर्थिक और सामाजिक रूप से बेहतर बनाने में मदद करता है।

**4. अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा :** यह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्रों में देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। WHO, UNESCO और UNICEF जैसे संगठन इसी उद्देश्य के तहत काम करते हैं।

**5. अंतरराष्ट्रीय कानून का विकास :** संयुक्त राष्ट्र संघ अंतरराष्ट्रीय कानूनों के निर्माण और उनके पालन को बढ़ावा देता है। इससे देशों के बीच न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने में सहायता मिलती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR/ अथवा**

**गुट निरपेक्ष आंदोलन की भूमिका की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** गुट निरपेक्ष आंदोलन (Non-Aligned Movement - NAM) शीत युद्ध के दौरान उभरा एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आंदोलन है। जिसका मुख्य उद्देश्य नव-स्वतंत्र देशों को किसी भी शक्ति गुट *(अमेरिका या सोवियत संघ)* से अलग रखते हुए स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने का अवसर देना था।

**गुट निरपेक्ष आंदोलन की प्रमुख भूमिकाएँ :**

**1. अंतरराष्ट्रीय शांति एवं तनाव में कमी :** गुट निरपेक्ष आंदोलन ने शीत युद्ध के दौरान विश्व को दो गुटों में बँटने से बचाने का प्रयास किया। इसने युद्ध, हथियारों की होड़ और सैन्य टकराव के विरुद्ध आवाज उठाकर वैश्विक शांति को बढ़ावा दिया।


**2. नव-स्वतंत्र देशों की स्वतंत्रता की रक्षा :** यह आंदोलन एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के नव-स्वतंत्र देशों को राजनीतिक और वैचारिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। इससे ये देश किसी भी महाशक्ति के दबाव से मुक्त रहकर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार निर्णय ले सके।

**3. उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद का विरोध :** गुट निरपेक्ष आंदोलन ने उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद और नस्लभेद का खुलकर विरोध किया। इसने कई देशों को स्वतंत्रता प्राप्त करने के संघर्ष में नैतिक और कूटनीतिक समर्थन दिया।

**4. विकासशील देशों के हितों की आवाज :** यह आंदोलन विकासशील देशों की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करता है। इससे अमीर और गरीब देशों के बीच असमानता कम करने का प्रयास हुआ।

**5. अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहन :** गुट निरपेक्ष आंदोलन सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग, आर्थिक सहायता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है, जिससे सामूहिक विकास संभव हो सके।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## OCTOBER-2024

Your Path to Success

# SECTION - A / खंड - अ

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित में से किस वर्ष में मार्टिन लूथर नामक एक जर्मन पुजारी ने रोमन कैथोलिक चर्च के अधिकारियों को पहली बार चुनौती दी ?**

**(A) 1517** **(B) 1617**

**(C) 1817** **(D) 1417**

**उत्तर -** (A) 1517

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित में से किस देश में 1688 की गौरवपूर्ण क्रान्ति हुई, जो अन्य दुनिया के लिए प्रेरणा का एक स्रोत बनी?**

**(A) इंग्लैंड** **(B) फ्रांस**

**(C) जर्मन** **(D) पोलैंड**

**उत्तर -** (A) इंग्लैंड

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से किसने एक हाथ संचालित चरखा स्पिनिंग जेनी का आविष्कार किया?**

**(A) जेम्स हरग्रीव्स** **(B) जेनी**

**C) एडमंड कार्टराईट** **(D) जॉन केयस**

**उत्तर -** (A) जेम्स हरग्रीव्स

**प्रश्न 4 - निम्नलिखित में से किस वर्ष एक ब्रिटिश यात्री जहाज लूसिटानिया को जर्मन की यू-बोट ने डूबा दिया जिसमें 128 अमेरिकी नागरिक यात्रा कर रहे थे?**

**(A) 1915** **(B) 1815**

**(C) 1715** **(D) 1515**

**उत्तर -** (A) 1915

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 5 - 1615 में निम्नलिखित में से किसे मुगल सम्राट जहाँगीर से आगरा, अहमदाबाद तथा भरूच में फैक्ट्री खोलने की अनुमति मिली?**

**(A) सर थॉमस रो** **(B) मीर जाफर**

**(C) सेंट जार्ज** **(D) वास्को दी गामा**

**उत्तर -** (A) सर थॉमस रो


**प्रश्न 6 - बिहार के गया जिले में भेड़-ऊन बुनकरों के 75 परिवारों के समुदाय ने कंबल बुनना क्यों बंद कर दिया?**

**(A) धन की कमी के कारण** **(B) पानी की कमी के कारण**

**(C) अनाज की कमी के कारण** **(D) कच्चे माल के अभाव के कारण**

**उत्तर -** (D) कच्चे माल के अभाव के कारण

**दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या 7 से 10 तक का उत्तर दीजिए।**



**प्रश्न 7 - मानचित्र में अंकित 'A' हिमालय की चोटी की पहचान कीजिए।**

**(A) नामचा बरवा** **(B) माउंट एवरेस्ट**

**(C) नंदा देवी** **(D) गारो**

**उत्तर** - (B) माउंट एवरेस्ट

**प्रश्न 8 - मानचित्र पर अंकित 'B' पहाड़ियों की पहचान कीजिए।**

**(A) गिर हिल्स** **(B) मिशीमी हिल्स**

**(C) खासी हिल्स** **(D) जयंतिया हिल्स**

**उत्तर** - (A) गिर हिल्स

**प्रश्न 9 - मानचित्र पर अंकित 'C" नदी की पहचान कीजिए।**

**(A) कावेरी** **(B) महानदी**

**(C) कृष्णा** **(D) गोदावरी**

**उत्तर** - (C) कृष्णा

**प्रश्न 10 - मानचित्र पर अंकित 'D' पर्वत श्रेणी की पहचान कीजिए।**

**(A) सतपुडा** **(B) अरावली**

**(C) विंध्याचल** **(D) बालाघाट**

**उत्तर** - (B) अरावली

**प्रश्न 11 - निम्नलिखित में से कौन सी प्रसिद्ध झील मालाबार तट पर स्थित है?**

**(A) वेम्बनाड** **(B) सांभर**

**(C) चिल्का** **(D) पुलिकट**

**उत्तर** - (A) वेम्बनाड

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 12 - भारतीय संविधान के निम्न में से किस भाग में मौलिक अधिकार सम्मिलित किए गये हैं?**

**(A) भाग-I** **(B) भाग-II**

**(C) भाग-III** **(D) भाग-IV**

**उत्तर -** (C) भाग-III

**प्रश्न 13 - भारत में किसी राज्य के राज्यपाल को नियुक्त होने के लिए कम से कम कितनी आयु होनी चाहिए?**

**(A) 35 वर्ष** **(B) 45 वर्ष**

**(C) 30 वर्ष** **(D) 32 वर्ष**

**उत्तर -** (A) 35 वर्ष

**प्रश्न 14 - निम्नलिखित में से किसे भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित किया गया?**

**(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** **(B) ज्ञानी जैल सिंह**

**(C) नीलम संजीव रेड्डी** **(D) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

**उत्तर -** (A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**प्रश्न 15 - भारत में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा-निवृत्ति की आयु क्या है?**

**(A) 65 साल** **(B) 60 साल**

**(C) 58 साल** **(D) 62 साल**

**उत्तर -** (A) 65 साल

**प्रश्न 16 - निम्नलिखित में से कौन नेता वर्तमान समय में सिविल सोसाइटी संगठन के प्रमुख नेता हैं जो नर्मदा बचाओ आन्दोलन से संबंधित है?**

**(A) अरूणा राय** **(B) मेधा पाटकर**

**(C) अन्ना हजारे** **(D) इला भट्ट**

**उत्तर -** (B) मेधा पाटकर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 17 - नागालैण्ड सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों के सामुदायीकरण की प्रक्रिया को कब आरम्भ किया?**

**(A) 2002** **(B) 2005**

**(C) 2006** **(D) 2008**

**उत्तर -** (A) 2002

**प्रश्न 18 - निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय राजनीतिक दल नहीं है?**

**(A) अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी** **(B) भारतीय जनता पार्टी**

**(C) आम आदमी पार्टी** **(D) राष्ट्रीय जनता दल**

**उत्तर -** (D) राष्ट्रीय जनता दल

**प्रश्न 19 - संसद द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम कब पारित किया गया?**

**(A) 2009** **(B) 2008**

**(C) 2007** **(D) 2006**

**उत्तर -** (A) 2009

**प्रश्न 20 - सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर कितनी है?**

**(A) 74.04%** **(B) 84.04%**

**(C) 64.03%** **(D) 54.04%**

**उत्तर -** (A) 74.04%

**प्रश्न 21 - रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :**

**पुनर्जागरण का शाब्दिक अर्थ है __________ यह __________ में 14वीं सदी के आसपास प्रारम्भ हुआ।**

**(A) उत्पत्ति, फ्रांस** **(B) पुनर्जन्म, इटली**

**(C) पुनर्जन्म, इंग्लैण्ड** **(D) पुनःउत्पत्ति, जर्मनी**

**उत्तर -** (B) पुनर्जन्म, इटली

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 22 - रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :**

**__________ के प्रथम महान मूर्तिकार ___________ थे जिन्होंने 'डेविड' की मूर्ति बनाई थी।**

**(A) पुनर्जागरण, मार्टिन लूथर** **(B) लोकतंत्र, टाइटियन**

**(C) पुनर्जागरण, डोनाटलो** **(D) लोकतंत्र, लियोनार्डो**

**उत्तर -** (C) पुनर्जागरण, डोनाटलो

**प्रश्न 23 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**13 उपनिवेशों के प्रतिनिधियों ने __________ में फिलाडेल्फिया में पहली महाद्वीपी काँग्रेस की बैठक बुलाई और इंग्लैंड के राजा से अपील की, कि उनकी सहमति के बिना ________ को लागू न करें।**

**उत्तर -** 1774 , कर।

**प्रश्न 24 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**________ में आस्ट्रिया ने दो स्लाव राज्यों बोस्निया और हर्जेगोविना पर कब्जा कर लिया जो ________ और आस्ट्रिया के बीच दुश्मनी का कारण बना।**

**उत्तर -** 1908 , सर्बिया।

**प्रश्न 25 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए :**

**(I) इंग्लैन्ड भारत के साथ व्यापार नियंत्रित करने में सफल रहा और सन् ____________ में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना की।**

**(II) 1696 में बंगाल में तीन गाँवों को एक शहर में विकसित किया और इसे ____________ नाम दिया।**

**उत्तर - (I)** 1600 , **(II)** कलकत्ता।

**प्रश्न 26 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए :**

**(I) भारत में किस देशान्तर को समय निर्धारण करने के लिए केन्द्रीय मध्यान के रूप में चयन किया गया?**

**(II) मानसूनी पवनों के दक्षिण-पश्चिम से आने के कारण किस राज्य में सर्व प्रथम वर्षा होगी?**

**उत्तर - (I)** 82°30' पूर्व , **(II)** केरल।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 27 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए :**

**(I) जिला मुख्यालयों के साथ राज्य की राजधानी को जोड़ने वाले राज्य राजमार्ग का निर्माण और रखरखाव राज्य की कौन सी संस्था करती है?**

**(II) उत्तर-दक्षिण गलियारे का निर्माण एवं रखरखाव भारत सरकार के किस विभाग द्वारा किया जाता है?**

**उत्तर -** **(I)** राज्य लोक निर्माण विभाग (SPWD) , **(II)** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ।

**प्रश्न 28 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**भारत की राष्ट्रीय टेलीविजन प्रसारण सेवा सन् ______________ में शुरू किया जो संसार के सबसे बड़े _________ में से एक है।**

**उत्तर -** 1959 , प्रसारण नेटवर्कों।

**प्रश्न 29 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**भारतीय रेल 1853 में __________ से __________ 34 किमी दूरी के बीच शुरू की गई थी।**

**उत्तर -** मुम्बई , ठाणे।

**प्रश्न 30 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए :**

**(I) बिना किसी भुगतान के किसी व्यक्ति को कार्य करने के लिए मजबूर करना कहलाता है ________।**

**(II) मानव खरीद-फरोक्त कहलाता है ___________।**

**उत्तर -** **(I)** बेगार , **(II)** मानव तस्करी।

**प्रश्न 31 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**सन् __________ में 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान के भाग _____________ में अनुच्छेद 51अ में दस मूल कर्तव्यों को जोड़ा गया है।**

**उत्तर –** 1976 , IV-A

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 32 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए :**

**(I) भारत में विधानसभा का कार्यकाल कितना है?**

**(II) भारत में मताधिकार के लिए कितनी आयु निर्धारित की गई है?**

**उत्तर - (I)** 5 वर्ष , **(II)** 18 वर्ष।

**प्रश्न 33 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द में दीजिए :**

**(I) 'राष्ट्रीय जनता दल' प्रमुख रूप से किस राज्य का क्षेत्रीय दल है?**

**(II) 'आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम्' प्रमुख रूप से किस राज्य का क्षेत्रीय दल है?**

**उत्तर - (I)** बिहार , **(II)** तमिलनाडु।

**प्रश्न 34 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए :**

**(I) __________ भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति हैं।**

**(II) लोकसभा का कार्यकाल ___________ वर्ष है।**

**उत्तर - (I)** प्रतिभा पाटिल , **(II)** 5 वर्ष।

**प्रश्न 35 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**महात्मा गाँधी ____________ का कार्यान्वयन ____________ में लोगों के लिए आजीविका सुरक्षित करने के लिए किया जा रहा है।**

**उत्तर -** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) , ग्रामीण क्षेत्रों।

# SECTION - B / खंड - ब

**प्रश्न 36 - समाज सुधार के क्षेत्र में राजा राममोहन राय के किन्हीं दो कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** राजा राममोहन राय के दो समाज सुधार कार्य :

**1.** सती प्रथा का विरोध किया और 1829 में इसे प्रतिबंधित करवाकर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की।

**2.** ब्रह्म समाज की स्थापना की, एकेश्वरवाद को बढ़ावा दिया और मूर्तिपूजा, जातिवाद का विरोध किया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 37 - स्थायी बंदोबस्त के किन्हीं दो लक्षणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - स्थायी बंदोबस्त के दो लक्षण :

**1.** इसमें भू-राजस्व की दर को स्थायी रूप से निश्चित कर दिया गया।

**2.** जमींदारों को भूमि का मालिक माना गया और सरकार को उनसे लगान वसूल करने की जिम्मेदारी दी गई।

**OR / अथवा**

**ज्योतिराव गोविन्दराव फुले के किन्ही दो कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - ज्योतिराव गोविन्दराव फुले के दो कार्य :

**1.** जातिगत भेदभाव, पाखंड, और अंधविश्वासों को खत्म करने के लिए सत्यशोधक समाज स्थापित किया।

**2.** महिलाओं की शिक्षा पर जोर देने के लिए 1848 में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला।

**प्रश्न 38 - मुख्यमन्त्री के दो प्रमुख कार्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - मुख्यमन्त्री के दो प्रमुख कार्य :

**1.** राज्य की मंत्रिपरिषद का नेतृत्व करता है और शासन की नीतियों व निर्णयों का संचालन करता है।

**2.** राज्य प्रशासन का मार्गदर्शन करता है तथा राष्ट्रपति और राज्यपाल को महत्वपूर्ण मामलों में सलाह देता है।

**OR / अथवा**

**भारतीय संविधान में दी गयी किन्हीं दो स्वतंत्रताओं का वर्णन करें।**

**उत्तर** - भारतीय संविधान में दी गयी दो स्वतंत्रताएँ :

**1. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता** - प्रत्येक नागरिक को अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है।

**2. आवागमन की स्वतंत्रता** - भारत के पूरे क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से आने-जाने का अधिकार।

**प्रश्न 39 - राज्यपाल की विधायी संबंधी दो शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - राज्यपाल की विधायी संबंधी दो शक्तियां :

**1.** राज्यपाल राज्य विधानमंडल के सत्र को बुलाने, स्थगित करने तथा भंग करने की शक्ति रखता है।

**2.** राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों को स्वीकृति देना या पुनर्विचार के लिए वापस भेज देने की शक्ति।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR / अथवा**

**भारत के प्रधानमंत्री की मंत्रीमंडल संबंधित दो शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** भारत के प्रधानमंत्री की मंत्रीमंडल संबंधित दो शक्तियां :

**1.** प्रधानमंत्री मंत्रियों की नियुक्ति करता है तथा उन्हें पद से बर्खास्त कर सकता है।

**2.** प्रधानमंत्री मंत्रियों के बीच विभागों का बँटवारा और कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता करता है।

**प्रश्न 40 - राजनीतिक दल की दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** राजनीतिक दल की दो विशेषताएँ :

**1.** राजनीतिक दल समान विचारधारा वाले व्यक्तियों का संगठित समूह होता है।

**2.** राजनीतिक दल का मुख्य उद्देश्य चुनाव जीतकर सत्ता प्राप्त करना होता है।

**प्रश्न 41 - राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी की मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक शर्तों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर -** किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी तब माना जाता है जब वह लोकसभा चुनाव में कुल सीटों का कम से कम 2% तीन अलग-अलग राज्यों से जीतता हो, अथवा चार राज्यों में 6% वैध मत (Vote) प्राप्त कर चार लोकसभा सीटें जीते। यह मान्यता भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा निर्धारित की जाती है।

**प्रश्न 42 - साम्राज्यवाद को परिभाषित कीजिए। साम्राज्यवाद के प्रसार में मददगार, उपनिवेशों में हुए परिवहन विकास के दो लाभों का उल्लेख करें।**

**उत्तर - साम्राज्यवाद** वह प्रणाली है जिसमें एक शक्तिशाली देश अपने राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य प्रभाव के माध्यम से अन्य देशों या क्षेत्रों पर नियंत्रण और अधिकार स्थापित करता है। इसका उद्देश्य अपनी आर्थिक और सामरिक शक्ति बढ़ाना होता है।

**उपनिवेशों में हुए परिवहन विकास के दो लाभ :**

1. **संपर्क और व्यापार में सुविधा :** परिवहन के विकास से उपनिवेशों में वस्तुओं और कच्चे माल को मुख्य व्यापारिक केन्द्रों तक पहुँचाना आसान हुआ, जिससे यूरोपीय व्यापारियों को लाभ मिला।
2. **सैन्य और प्रशासनिक नियंत्रण :** अच्छी सड़कें, रेलवे और जलमार्गों से उपनिवेशों में सेना और प्रशासनिक अधिकारी तेजी से पहुँच सकते थे, जिससे नियंत्रण बनाए रखना आसान हुआ।

**OR / अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**साम्राज्यवाद के किन्हीं तीन नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - साम्राज्यवाद के तीन नकारात्मक प्रभाव :**

1. **आर्थिक शोषण:** उपनिवेशों के प्राकृतिक संसाधनों और कृषि उत्पादों का शोषण किया गया।
2. **सांस्कृतिक विनाश:** देशी संस्कृति थोपने से स्थानीय भाषाएँ, परंपराएँ और सांस्कृतिक पहचान कमजोर हुई।
3. **सामाजिक असमानता:** साम्राज्यवाद के कारण जाति, धर्म तथा वर्ग आधारित भेदभाव और गरीबी बढ़ी।

**प्रश्न 43 - मुसलमानों में अंग्रेजी की शिक्षा किसने शुरू की? इस क्षेत्र में उनके योगदान का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - सर सैयद अहमद खान** ने मुसलमानों में आधुनिक और अंग्रेजी शिक्षा की शुरुआत की।

**इस क्षेत्र में उनका योगदान :**

1. **अलीगढ़ मूवमेंट:** सैयद अहमद खान ने 1875 में अलीगढ़ में 'मुहम्मदन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज' की स्थापना की, जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना।
2. **शिक्षा का प्रसार:** उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से मुसलमानों को आधुनिक ज्ञान, प्रशासनिक नौकरियों और सामाजिक विकास के अवसर दिए।

**प्रश्न 44 - भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले तीन कारक :

1. **अक्षांश :** भारत का अधिकांश भाग कर्क रेखा के निकट स्थित है, जिससे यहाँ सूर्य की किरणें अपेक्षाकृत सीधी पड़ती हैं। इसके कारण देश के अधिकांश हिस्सों में गर्म जलवायु पाई जाती है।
2. **हिमालय पर्वत :** हिमालय ठंडी मध्य एशियाई हवाओं को भारत में आने से रोकता है और मानसूनी हवाओं को भी रोकता है, जिससे भारी वर्षा होती है।
3. **मानसूनी पवनें :** मानसूनी पवनें भारत में वर्षा का मुख्य स्रोत हैं। ये पवनें देश के मौसम, कृषि और जल संसाधनों को गहराई से प्रभावित करती हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 45 - भारत में सड़क परिवहन की किन्हीं तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर** - भारत में सड़क परिवहन की तीन विशेषताएँ :

1. **सुलभ और लचीला :** सड़क परिवहन गाँवों, कस्बों और शहरों को सीधे जोड़ता है। यह अन्य परिवहन साधनों की तुलना में अधिक लचीला है और कम दूरी के लिए सबसे सुविधाजनक माना जाता है।
2. **द्वार से द्वार सेवा :** सड़क परिवहन यात्रियों और वस्तुओं को सीधे उनके गंतव्य तक पहुँचाता है। इससे समय और परिवहन लागत दोनों में बचत होती है।
3. **कृषि एवं ग्रामीण विकास में सहायक :** सड़क परिवहन से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुँचाने में सुविधा होती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और व्यापार को बढ़ावा मिलता है।

**OR / अथवा**

**भारत में रेल परिवहन की किन्हीं तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर** - भारत में रेल परिवहन की तीन विशेषताएँ :

1. **लंबी दूरी के लिए उपयुक्त :** रेल परिवहन लंबी दूरी पर भारी और अधिक मात्रा में सामान तथा यात्रियों को ले जाने का सस्ता और सुविधाजनक साधन है।
2. **राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा :** रेल मार्ग देश के विभिन्न भागों को जोड़ते हैं, जिससे लोगों के बीच संपर्क बढ़ता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है।
3. **आर्थिक विकास में योगदान :** रेल परिवहन उद्योग, व्यापार और कृषि उत्पादों के परिवहन में सहायता करता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।

**प्रश्न 46 - मानव विकास की अवधारणा पारम्परिक सामाजिक-आर्थिक विकास की अवधारणा से किस प्रकार भिन्न है? भिन्नता के तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर** - मानव विकास और पारम्परिक विकास में तीन प्रमुख भिन्नताएँ :

1. **विकास का केंद्र :** पारम्परिक विकास में आर्थिक वृद्धि और आय को विकास का मुख्य मापदंड माना जाता है, जबकि मानव विकास में व्यक्ति को केंद्र में रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनस्तर पर जोर दिया जाता है।
2. **विकास का उद्देश्य :** पारम्परिक अवधारणा का उद्देश्य उत्पादन और राष्ट्रीय आय बढ़ाना है, जबकि मानव विकास का उद्देश्य लोगों की क्षमताओं, अवसरों और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **मूल्यांकन का आधार :** पारम्परिक विकास को जीडीपी (GDP) और राष्ट्रीय आय से आँका जाता है, जबकि मानव विकास को शिक्षा, स्वास्थ्य और आय जैसे सूचकों के माध्यम से मापा जाता है।

**OR / अथवा**

**एक आम नागरिक के लिए सरकार को उत्तरदायी बनाने के लिए उपलब्ध किन्हीं तीन साधनों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर** - सरकार को उत्तरदायी बनाने के तीन साधन :

1. **विधान और संविधान :** संविधान सरकार की शक्तियों और कर्तव्यों को निर्धारित करता है। यह नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह बनाता है।
2. **लोकतांत्रिक प्रक्रिया :** चुनाव और मतदान के माध्यम से नागरिक अपनी सरकार का चयन करते हैं। इससे सरकार को जनता के प्रति उत्तरदायी रहना पड़ता है, क्योंकि जनता की संतुष्टि आवश्यक होती है।
3. **नागरिक सहभागिता और मीडिया :** नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, जैसे प्रदर्शन, जनआंदोलन और स्वतंत्र मीडिया, सरकार की गतिविधियों पर निगरानी रखते हैं। मीडिया भ्रष्टाचार और अन्य समस्याओं को उजागर कर सरकार को जवाबदेह बनाता है।


**प्रश्न 47 - वर्तमान समय में शान्ति व सुरक्षा के महत्व को तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर** - वर्तमान समय में शान्ति व सुरक्षा का महत्व :

1. **राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिरता :** शान्ति और सुरक्षा से देशों के बीच युद्ध और संघर्ष की संभावना कम होती है, जिससे विश्व में स्थिरता और सहयोग बना रहता है।
2. **आर्थिक और सामाजिक विकास :** शान्तिपूर्ण वातावरण में उद्योग, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विकास होता है, जिससे समाज और देश की प्रगति संभव होती है।
3. **मानव जीवन और अधिकारों की रक्षा :** शान्ति और सुरक्षा से नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा होती है तथा भय और हिंसा का वातावरण समाप्त होता है।

**प्रश्न 48 - दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में क्रमांक 1, 2, 3, 4 द्वारा दर्शाए गये मुख्य समुद्री पत्तनों को पहचानिए तथा उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**उत्तर** - 1, 2, 3, 4 द्वारा दर्शाए गये मुख्य समुद्री पत्तनों के नाम इस प्रकार हैं :

1. **कांडला (Kandla)** - (गुजरात)
2. **तूतीकोरिन (Tuticorin)** - (तमिलनाडु)
3. **विशाखापट्टनम (Visakhapatnam)** - (आंध्र प्रदेश)
4. **न्यू मैंगलोर (New Mangalore)** - (कर्नाटक)


All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 49 - भारत के दिए गये राजनीतिक मानचित्र में निम्न को उपयुक्त चिन्हों की सहायता से दर्शाइए तथा उनके नाम लिखिए :**

**(A) पश्चिमी घाट** **(B) कृष्णा नदी**

**(C) पारादीप बन्दरगाह** **(D) पोरबन्दर**

**उत्तर -** निम्न को उपयुक्त चिन्हों की सहायता से इस प्रकार दर्शाया गया है :




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50 - औद्योगिक क्रान्ति के कारण समाज में हुए छः महत्वपूर्ण बदलावों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** औद्योगिक क्रान्ति की शुरुआत 18वीं शताब्दी के मध्य (लगभग 1760 ई.) में इंग्लैंड से हुई, जहाँ मशीनों और कारखानों पर आधारित उत्पादन प्रणाली विकसित हुई।

**औद्योगिक क्रान्ति के कारण समाज में हुए छः महत्वपूर्ण बदलाव :**

**1. कृषि समाज से औद्योगिक समाज की ओर परिवर्तन :** औद्योगिक क्रान्ति से पहले समाज मुख्यतः कृषि पर आधारित था, लेकिन मशीनों और कारखानों के विकास के कारण उद्योगों का महत्व बढ़ गया।

**2. नगरीकरण (Urbanization) में वृद्धि :** कारखानों की स्थापना शहरों में होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहरों की ओर पलायन करने लगे।

**3. नए सामाजिक वर्गों का उदय :** औद्योगिक क्रान्ति के परिणामस्वरूप पूँजीपति वर्ग (Industrial Capitalists) और मजदूर वर्ग (Working Class) का उदय हुआ।

**4. श्रमिक वर्ग की स्थिति में परिवर्तन :** कारखानों में लंबे समय तक काम, कम मजदूरी, बाल श्रम और असुरक्षित कार्य-स्थितियों के कारण श्रमिक वर्ग का शोषण बढ़ा।

**5. पारिवारिक संरचना में बदलाव :** संयुक्त परिवार प्रणाली कमजोर हुई और एकल परिवार (Nuclear Family) को बढ़ावा मिला। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएँ और बच्चे भी कारखानों में काम करने लगे।

**6. जीवन-शैली और सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन :** मशीनों के कारण जीवन तेज़, व्यस्त और प्रतिस्पर्धात्मक हो गया। समय का महत्व बढ़ा, अनुशासन और उत्पादन-क्षमता को प्राथमिकता मिली।

**OR / अथवा**

**प्रथम विश्व युद्ध के छः प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) इतिहास का पहला वैश्विक युद्ध था, जिसने संपूर्ण विश्व को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रभावित किया।

**प्रथम विश्व युद्ध के छः प्रमुख कारण :**

**1. साम्राज्यवाद :** यूरोपीय शक्तियों के बीच उपनिवेशों पर अधिकार को लेकर तीव्र प्रतिस्पर्धा थी। जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस के बीच अफ्रीका और एशिया में प्रभुत्व को लेकर तनाव बढ़ा।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2. सैन्यवाद :** यूरोपीय देशों में सैन्य शक्ति बढ़ाने की होड़ लग गई थी। भारी मात्रा में हथियारों का उत्पादन, विशाल सेनाओं का गठन और युद्ध की मानसिकता ने युद्ध को अनिवार्य बना दिया।

**3. गुटबंदी :** यूरोप की शक्तियों ने एक-दूसरे के हितों की रक्षा के लिए गुप्त और सार्वजनिक गठबंधनों का निर्माण किया (जैसे ट्रिपल एंटेंटे और ट्रिपल अलायंस), जिससे युद्ध का दायरा बढ़ गया।

**4. उग्र राष्ट्रवाद :** राष्ट्रवाद की भावना ने देशों को आक्रामक बना दिया। विशेष रूप से बाल्कन क्षेत्र में राष्ट्रवादी आंदोलन तेज़ थे, जिससे ऑस्ट्रिया-हंगरी और सर्बिया के बीच तनाव बढ़ा।

**5. बाल्कन संकट :** बाल्कन क्षेत्र को "यूरोप का बारूद-घर" कहा जाता था। यहाँ विभिन्न जातीय समूहों और शक्तियों के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा था, जिसने युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार की।

**6. आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या - तात्कालिक कारण :** 28 जून 1914 को ऑस्ट्रिया-हंगरी के युवराज आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की सर्बिया समर्थित आतंकवादी द्वारा हत्या कर दी गई। यही घटना प्रथम विश्व युद्ध का तात्कालिक कारण बनी।

**प्रश्न 51 - लोकतन्त्र को मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों के किन्हीं छः कार्यों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर -** लोकतन्त्र में राजनीतिक दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। राजनीतिक दल जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

**लोकतन्त्र को मजबूत करने में राजनीतिक दलों के छः प्रमुख कार्य :**

**1. जनमत का निर्माण :** राजनीतिक दल जनसभाओं, प्रचार अभियानों और मीडिया के माध्यम से जनता को राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों से अवगत कराते हैं।

**2. चुनावों का संचालन और भागीदारी :** राजनीतिक दल चुनावों में उम्मीदवार खड़े करते हैं और जनता को मतदान के लिए प्रेरित करते हैं।

**3. सरकार का गठन और संचालन :** बहुमत प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल सरकार बनाते हैं और नीतियों का क्रियान्वयन करते हैं।

**4. विपक्ष की भूमिका निभाना :** विपक्षी दल सरकार की नीतियों की आलोचना करते हैं और उसकी कमियों को उजागर करते हैं।

**5. जनहित की नीतियों का निर्माण :** राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र के माध्यम से जनहित से जुड़ी नीतियाँ प्रस्तुत करते हैं। सत्ता में आने पर वे सामाजिक न्याय, विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**6. जनता और सरकारी तंत्र के बीच सेतु :** राजनीतिक दल जनता की समस्याओं और आवश्यकताओं को सरकार तक पहुँचाते हैं तथा सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी जनता तक।

**OR / अथवा**

**राजनीतिक दलों में सुधार के लिए कोई छः प्रभावी उपायों को सुझाइए।**

**उत्तर -** वर्तमान समय में राजनीतिक दल लोकतन्त्र का अनिवार्य अंग हैं, परंतु आंतरिक लोकतन्त्र की कमी, भ्रष्टाचार और पारिवारिक राजनीति जैसी समस्याओं के कारण उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगते हैं। इसलिए राजनीतिक दलों में सुधार लोकतन्त्र को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है।

**राजनीतिक दलों में सुधार के छः प्रभावी उपाय :**

**1. आंतरिक लोकतन्त्र की स्थापना :** राजनीतिक दलों के भीतर नियमित चुनाव और पारदर्शी निर्णय-प्रक्रिया होनी चाहिए, जिससे नेतृत्व चयन लोकतान्त्रिक तरीके से हो सके।

**2. पारदर्शी वित्त व्यवस्था :** राजनीतिक दलों की आय और व्यय का स्पष्ट लेखा-जोखा होना चाहिए। चुनावी चंदे की जानकारी सार्वजनिक करने से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगाया जा सकता है।

**3. वंशवादी राजनीति पर रोक :** नेतृत्व और टिकट वितरण में पारिवारिक प्रभाव को कम किया जाना चाहिए। योग्यता और अनुभव को प्राथमिकता देकर दलों की विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है।

**4. अपराधी तत्वों की राजनीति में भागीदारी पर नियंत्रण :** अपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को टिकट न देकर राजनीति को स्वच्छ और नैतिक बनाया जा सकता है।

**5. युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना :** राजनीतिक दलों को युवाओं और महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देना चाहिए, जिससे राजनीति अधिक समावेशी और गतिशील बन सके।

**6. राजनीतिक शिक्षा और प्रशिक्षण :** राजनीतिक दल के सदस्यों को लोकतान्त्रिक मूल्यों, संविधान और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जिससे जिम्मेदार राजनीति को बढ़ावा मिले।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence - Your Path to Success